
# Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# नई कोविड गाइड लाइन को लेकर 21 से होगी भौतिक सुनवाई


**जिम्मेदार कौन**

## सोमवार से हाईकोर्ट में सामान्य दिनों की भांति सभी मामलों की सुनवाई होगी

**संवाददाता**

नैनीताल। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जारी नई कोविड गाइड लाइन के क्रम में उत्तराखण्ड हाईकोर्ट में 21 फरवरी से सामान्य ढंग से यानि भौतिक रूप से सुनवाई होगी। शुक्रवार को हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की ओर से इस सम्बंध में अधिसूचना जारी हुई है।

अधिसूचना में कहा गया है कि कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश के आदेश पर सोमवार से हाईकोर्ट में सामान्य दिनों की भांति सभी मामलों की सुनवाई होगी। किन्तु कोर्ट ने वीडियो कांफ्रेंसिंग का विकल्प भी रखा है । बताया गया है कि कोर्ट परिसर में न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं व वादकारियों को कोविड गाइड लाइन का पालन करना अनिवार्य होगा।



**हाईकोर्ट की एकलपीठ ने कोरोना जांच घोटाले के आरोपितों की जमानत अर्जी को सुनने से किया इनकार, दूसरी पीठ को भेजा**

हाईकोर्ट ने हरिद्वार कुंभ मेले मे कोरोना टेस्टिंग के फर्जीवाड़े में आरोपित मैक्स कारपोरेट सर्विसेज के सर्विस पार्टनर शरत पंत व मल्लिका पंत के जमानत प्रार्थना पत्र पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई की। न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की एकलपीठ ने किन्हीं कारणों से याचिका को सुनने से इनकार कर दिया। अब मुख्य न्यायाधीश मामले को दूसरी पीठ में मामला नियत करेंगे।

पंत दंपती ने याचिका दायर कर कहा है कि वे मैक्स कॉर्पोरेट सर्विसेस में एक सर्विस प्रोवाइडर है। परीक्षण और डेटा प्रविष्टि के दौरान मैक्स कॉर्पोरेट का कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। इसके अलावा परीक्षण और डेटा प्रविष्टि का सारा काम स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की प्रत्यक्ष निगरानी में किया गया था इन अधिकारियों की मौजूदगी में परीक्षण स्टालों ने जो कुछ भी किया था, उसे अपनी मंजूरी दे दी। अगर कोई गलत कार्य कर रहा था तो कुंभ मेले के दौरान अधिकारी चुप क्यों रहे?

मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरिद्वार ने पुलिस में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोप लगाया था कि कुंभ मेले के दौरान इनके द्वारा अपने को लाभ पहुंचाने के लिए फर्जी तरीके से टेस्ट इत्यादि कराए गए। 2021को एक व्यक्ति ने सीएमओ हरिद्वार को एक पत्र भेजकर शिकायत की गयी थी कि कुंभ मेले में टेस्ट कराने वाले लैबो द्वारा उनकी आईडी व फोन नंबर का उपयोग किया है जबकि उनकी ओर से रेपिड एंटीजन टेस्ट कराने के लिए कोई रजिस्ट्रेशन व सैम्पल नही दिया गया।

## न्यूज डायरी

### 25 तक आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बैंक पास बुक की छायाप्रति उपलब्ध कराएं

**संवाददाता** रूद्रपुर। निदेशक कोषागार, पेंशन एवं हकदारी उत्तराखण्ड देहरादून से प्राप्त निर्देशों के क्रम में मुख्य कोषाधिकारी डॉ.पंकज कुमार शुक्ल ने बताया कि वर्तमान में कोषागारों द्वारा पेंशनरों के जीवित प्रमाण पत्र डिजिटली रूप में स्वीकार किये जा रहे हैं, साथ ही यह भी अवगत करना है कि पेंशनरों के मृत्यु प्रमाण पत्र एवं आई.एफ.एम.एस. सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत डिजिटली रूप से अपडेट किये जाने प्रस्तावित हैं, जिसके सुलभ क्रियान्वयन हेतु पेंशनर्स का सही आधार नम्बर आई.एफ.एम.एस. डाटाबेस में अपडेट होना नितान्त आवश्यक है। उन्होंने बताया कि टैरिफ दरों के प्रस्ताव के सम्बन्ध में यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था अपना मत आयोग के समक्ष प्रस्तुत करना चाहते हैं तो वे जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपना मत माननीय आयोग के समक्ष लिखित या मौखिक रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं।

### एसजेवीएन के अध्यक्ष ने वर्किंग हाइड्रो प्रोजेक्ट मॉडल की आधारशिला रखी

**संवाददाता** देहरादून। नन्द लाल शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने आज कंपनी के कारपोरेट मुख्यालय, शनान, शिमला के समीप निर्माणाधीन जैव विविधता पार्क में 1.3 किलोवाट जलविद्युत परियोजना के एक वर्किंग मॉडल की आधारशिला रखी। शिलान्यास समारोह में एस. पी. बंसल, निदेशक सिवि और एसजेवीएन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए नन्ध्द लाल शर्मा ने कहा कि यह हाइड्रो प्रोजेक्ट मॉडल आमजन को हाइड्रो स्रोतों से ऊर्जा उत्पादन की अवधारणा को बेहतर ढंग से समझने में सहायता करेगा।


### आईआईएफएल फाईनेंस ने गोल्ड लोन मेला बंपर धमाका ऑफर प्रस्तुत किया

**संवाददाता** देहरादून। भारत की सबसे बड़ी नॉन–बैंकिंग फाईनेंशल कंपनियों में से एक, आईआईएफएल फाईनेंस ने 14 फरवरी, 2022 से 31 मार्च, 2022 के बीच सभी नए ग्राहकों के लिए 'गोल्ड लोन मेला बंपर धमाका ऑफर' के साथ गोल्ड लोन पर आकर्षक ऑफर प्रस्तुत किए हैं। ऑफर में भारत में आईआईएफएल की 2250 से ज्यादा गोल्ड लोन शाखाओं से गोल्ड लोन लेने वाले हर ग्राहक के लिए लग्जरी कार, बाईक एवं निश्चित उपहार हैं। गोल्ड लोन मेला बंपर धमाका ऑफर के लॉन्च के बारे में श्री सौरभ कुमार बिजनेस हेड गोल्ड लोंस आईआईएफएल फाईनेंस ने कहा आईआईएफएल अपने पारदर्शी व्यवसाय और गोल्ड लोन की सर्वश्रेष्ठ दरों के साथ भारत में लाखों ग्राहकों से जुड़ा हुआ है अर्थव्यवस्था और व्यवसाय पुनः सामान्य हो रहे हैं।

## प्रदेश में 218 संक्रमण के मामले आए सामने, दो मरीजों की मौत

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश में बीते 24 घंटे में 218 नए संक्रमित मिले हैं। जबकि दो मरीजों की मौत हुई है। 1377 मरीजों ने संक्रमण को मात दी है। 2076 सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है। तीसरी लहर में कुल संक्रमितों की संख्या 89746 हो गई है।



स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक बुधवार को 12791 सैंपलों की जांच निगेटिव आई है। 13 जिलों में 218 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। देहरादून जिले में 95, हरिद्वार में 27, चमोली में 16, नैनीताल में 15, पौड़ी में 8, अल्मोड़ा में 11, ऊध ामसिंह नगर में 12, बागेश्वर में 01, टिहरी में 04, पिथौरागढ़ में 15, चंपावत में 09 संक्रमित मिले हैं। रुद्रप्रयाग जिले में बीते 24 घंटे में एक भी संक्रमण का मामला सामने नहीं आया है। देहरादून जिले में दोनों कोरोना संक्रमित मरीज की मौत हुई है। सिनर्जी अस्पताल और दूसरे ने कनिष्क अस्पताल में दम तोड़ा। वर्तमान में 2076 सक्रिय मरीजों का अस्पतालों और होम आईसोलेशन में उपचार ले रहे हैं। प्रदेश की रिकवरी दर 94.24 प्रतिशत दर्ज की गई है। कुल 14849 टेस्ट जांच के लिए भेजे गए थे। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबित 12791 सैंपल निगेटिव मिले।



### पुण्यतिथि पर पूर्व सांसद मनोरमा डोबरियाल शर्मा को दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। दिवंगत सांसद व पूर्व मेयर मनोरमा डोबरियाल शर्मा की 7वीं पुण्य तिथि के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि दिवंगत सांसद एवं पूर्व मेयर स्व. मनोरमा डोबरियाल शर्मा को याद करते हुए कहा कि प्रथम मेयर के रुप में देहरादून को विश्व पटल में पहचान दिलाने उनका अतुल्य योगदान रहा है। राज्यसभा की सांसद रहते हुए भी उन्होने राज्य के सरोकारों को ससंद के अन्दर एक मजबत आवाज दी थी बेशक कम समय में ही उन्होने एक अलग पहचान सांसद के रुप में बनाई थी मुझे दुख है कि वो मजबूत आवाज आज नही रही उनका अभाव खलता है। कार्यक्रम की आयोजनकर्ता मनोरमा डोबरियाल शर्मा मेमोरियल फाउंडेशन की अध्यक्ष व कांग्रेस नेत्री आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा ने कहा कि दिवगंत सांसद के अधूरे कार्यो को पूरा कराने के लिये काम वह करती रहेंगी।

## सेल्फी लेने रुके मेरठ और बागपत के दो युवक गंग नहर में डूबे

**संवाददाता** रुड़की। हरिद्वार जिले के रुड़की में सोलानी पार्क में गंग नहर किनारे सेल्फी ले रहे मेरठ और बागपत के दो युवक नहर में डूब कर लापता हो गए। इनके साथ इनके दो दोस्त भी थे। जिनसे पुलिस घटना की जानकारी ले रही है। बताया गया है कि सभी दोस्त मसूरी घूमने के लिए जा रहे थे।

सिविल लाइन कोतवाली पुलिस के मुताबिक संदीप (22) निवासी बागपत, भरत (21) निवासी मेरठ अपने दो दोस्त अभिषेक (21) और राकेश( 45) निवासी बागपत के साथ शुक्रवार सुबह कार से मसूरी घूमने जा रहे थे। रुड़की पहुंचने पर सभी लोग कार से गंग नहर पटरी पर सोलानी पार्क के पास पहुंचे। यहां पर सभी दोस्त गंग नहर किनारे सेल्फी लेने लगे। अचानक ही संदीप और भरत का पैर फिसल गया, जिससे दोनों दोस्त गंग नहर में गिर गए।



दोस्तों को गंगनहर में डूबता देख अभिषेक और राकेश ने शोर मचा दिया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। आसपास के व्यक्तियों ने दोनों दोस्तों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों का कोई पता नहीं चल पाया। हादसे की सूचना सिविल लाइन कोतवाली पुलिस को दी गई है। जिसके बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और गंग नहर में डूबे दोनों युवकों की तलाश शुरू की। हादसे की सूचना मिलते ही इन सभी के स्वजन रुड़की पहुंचे और पुलिस से मामले की जानकारी दी।

सिविल लाइन कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक दीप कुमार ने बताया कि गंग नहर में डूबे युवक की तलाश मोटर बोट और गोताखोर लगाए गए हैं। स्वजन ने बताया कि सुनील पढ़ाई कर रहा है। जबकि संदीप बागपत में की दुकान पर नौकरी करता है। बताते चलें कि करीब 10 दिन पहले भी सहारनपुर के दो युवक सेल्फी लेते हुए गंग नहर में डूब कर लापता हो गए थे, जिनके शव तीन दिन पहले ही गंग नहर से बरामद हुए थे।

### विद्युत दरों पर जन सुनवाई की तिथियां घोषित

**संवाददाता** रूद्रपुर। उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग द्वारा राज्य में प्रस्तावित विद्युत दरों पर जन सुनवाई की जायेगी। यह जानकारी देते हुए आयोग के सचिव नीरज सती ने बताया कि उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल), पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड (पिटकुल), उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम लिमिटेड(यूजेवीएनएल) तथा एसएलडीसी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए दायर ए.आर.आर, बहु वर्षीय टैरिफ (एम.वाई.टी.) एवं व्यापार योजना तथा वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए सहीकरण एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए वार्षिक निष्पादन समीक्षा पर उपभोक्ताओं व अन्य सम्बन्धित संस्थाओं, व्यक्तियों से सुझावों एवं मतों को जानने हेतु उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग द्वारा 27 फरवरी को प्रातः10:30 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे तक विकास भवन सभागार रूद्रपुर में जन सुनवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त 26 फरवरी को रानीखेत में, 02 मार्च को देहरादून में व 08 मार्च को कोटद्वार में जन सुनवाई की जायेगी।